UPGK040506322026

# न्यायालय अपर सिविल जज (सी०डि०) कोर्ट सं०–3/ ए0सी0जे0एम0, गोरखपुर।

## प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र संख्या–6050/2026

धनवती देवी.........बनाम.............अंकित ज्वेलर्स प्रोपराईटर श्रीकान्त सोनी व अन्य।

अंतर्गत धारा–173(4)बी०एन०एस०एस०।

थाना–बड़हलगंज, जनपद–गोरखपुर।

**दिनांक 24.07.2026**

पत्रावली पेश हुई। पुकार कराये जाने पर कोई उपस्थित नहीं है।

पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि लंबे समय से पत्रावली पर बल देने हेतु कोई उपस्थित नहीं आ रहा है। आदेश पत्र के अवलोकन से स्पष्ट है कि न्यायालय द्वारा प्रस्तुत मामले में उपस्थित आने हेतु बार–बार अंतिम अवसर प्रदान किया जा चुका है, किन्तु बावजूद इसके विगत तिथि पर भी किसी पक्ष पर के उपस्थित आने का अंकन आदेश पत्र पर मौजूद नहीं है और आज नियत तिथि पर भी प्रस्तुत मामले की कार्यवाही में बल देने हेतु किसी भी पक्षकार की ओर से कोई उपस्थित नहीं है, न ही कोई स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। ऐसी स्थिति में ऐसा प्रतीत होता है कि पक्षकार वाद की कार्यवाही में रुचि नहीं ले रहे हैं। अतः प्रकीर्ण वाद अंतर्गत धारा–173(4) बी० एन० एस० एस० बल के अभाव में निरस्त किये जाने योग्य है।

**आदेश**

प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा–173(4)बी०एन०एस०एस० बल के अभाव में निरस्त किया जाता है। पत्रावली बाद आवश्यक कार्यवाही नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

**(अविरल सिंह)**
**जे0ओ0कोड0–यू0पी0–2547**
**अपर सिविल जज (सी०डि०)कोर्ट सं०–3/**
**ए0सी0जे0एम0,गोरखपुर।**